Class: 12 Home Science
(Practice paper- 2)
अंक योजना- 2( Marking Scheme)

| क्रमांक | खंड - क (ObjectiveType Questions) | अंक |
|---|---|---|
| 1. | ( c) ग्लूकोज की<br>Glucose | 1 |
| 2. | ( c ) ओडिमा<br>Odema | 1 |
| 3. | ( d ) के.जी.बी.वी<br>K.G.B.V | 1 |
| 4. | ( a ) दूध<br>Milk | 1 |
| 5. | ( b ) 2022<br>in 2022 | 1 |
| 6. | ( c ) आंत नाल में<br>In intestinal canal | 1 |
| 7. | विशेष सुधार गृहों में<br>Special Home | 1 |
| 8. | सोडियम बेंजोएट, पोटैशियम मेटा बाईसल्फाइट<br>Sodium benzoate, Potassium metabisulfite | 1 |
| 9. | हॉलमार्क<br>Hallmark | 1 |
| 10. | दरबान<br>Doorman | 1 |
| 11. | फ्रांस को<br>France | 1 |
| 12. | मार्च, 2018<br>March, 2018 | 1 |
| 13. | (a) अभिकथन ( A) एवं कारण (R ) दोनों सही हैं और कारण (R ) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>Assertion (A) and reason(R) both are correct and the reason(R) is the correct explanation of the assertion(A) | 1 |
| 14. | (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) अभिकथन ( A ) की सही व्याख्या है<br>Assertion (A) and reason(R) both are correct and the reason(R) is the correct explanation of the assertion(A). | 1 |
| 15. | (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | Assertion (A) and reason(R) both are correct and the reason(R) is the correct explanation of the assertion(A). | |
| | *खंड ख ( Section B)*<br>*Very Short answer Questions* | |
| 16. | प्रोटीन और ऊर्जा वाले पदार्थों को कम मात्रा में ग्रहण करने से प्रोटीन- ऊर्जा कुपोषण हो जाता है। बच्चों को प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण से ग्रसित होने का खतरा अधिक होता है। बच्चों में प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण से दो मुख्य रोग होते हैं -<br>1. क्वाशियोरकर<br>2. मरास्मस अथवा सूखा रोग।<br>Intake of protein and energy rich substances in small quantities leads to Protein-Energy- Malnutrition. Children are at higher risk of suffering from protein energy malnutrition. Protein energy malnutrition in children causes two main diseases -<br>1. Kwashiorkar<br>2. Marasmus or rickets. | 1 + 1 |
| 17. | समाचार -पत्र, रेडियो, टेलीविजन आदि।<br>Newspaper, Campaign, Radio and Television etc. | 1+1 |
| 18. | • कृषि,<br>• हस्तशिल्प<br>• भारतीय व्यंजन<br>• दृश्य कला<br>Agriculture<br>Handicrafts<br>Indian cuisines<br>Visual Arts | 1+1 |
| 19. | प्राथमिक रंग उन रंगों को कहा जाता है जो अन्य किसी भी रंगों को मिलाने से नहीं बनते। पीला, लाल तथा नीला प्राथमिक रंग कहलाते हैं।<br>Primary colors are those colors which are not formed by mixing any other colors. Yellow, Red and Blue are primary colors. | 1+ 1 |
| 20.. | दिवस देखभाल केंद्र **-: (Day Care Centres)**<br>कामकाजी माता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कुछ संस्थाएं उनके छोटे बच्चे, जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए दिवस देखभाल सुविधा प्रदान करते हैं। शिशु केंद्रों में बच्चों की देखभाल, उनके संरक्षण व खाने पीने, भाषा विकास, भावनात्मक, सामाजिक विशेषताओं को समझने और सीखने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों को रखा जाता है। दिवस देखभाल केंद्र के अंदर विभिन्न आय वर्ग के 20 से 40 बच्चे होते हैं।<br>**Day Care Centres** -:<br>Keeping in mind the needs of working mothers, some institutions provide day care facilities for their young children, in the age group of birth to 6 years. Child care centers employ specially trained teachers to take care of | 2 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | children, their protection, feeding, language development, understanding and learning of emotional and social characteristics. There are 20 to 40 children of different income groups inside the day care centre.<br><br>एगमार्क खेती के उत्पाद कानून (1937), जिसे 1986 में संशोधित किया गया है, के अंतर्गत कार्य करता है। यह स्कीम भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अधीन है। एगमार्क विभिन्न प्रकार के संशोधित और अर्ध -कृषि उत्पादनों जैसे मसाले, आटा, चावल, बेसन, घी, मक्खन जीरा, शहद, मूंगफली, नमक व तेल इत्यादि पर दिया जाता है।<br><br>**Agmark** operates under the Agricultural Produce Products Act (1937), as amended in 1986. This scheme is under the Ministry of Agriculture, Government of India. This institute is given marks on various types of modified and semi-agricultural products like spices, flour, rice, gram flour, ghee, butter, cumin, honey, groundnut, salt and oil etc. | 1+1 |
| 21. | रोगी को भोजन देने का सबसे अच्छा तरीका मुंह से भोजन खिलाना है। परंतु ऐसे रोगी जिनके लिए चबाना, निगलना संभव न हो और यदि वह बेहोश है या उनकी आहार नली में कोई समस्या है। ऐसे व्यक्तियों के लिए दो विकल्प हैं-<br>1.नली द्वारा भोजन देना।<br>2.अंतः शिरा से भोजन देना<br>The best method to feed a patient is oral method but when patient is not able to chew, swallow or any obstruction in alimentary canal/food pipe or if he/she is in coma then there is two alternative feeding methods to feed the patients-:<br>● Tube Feeding<br>● Intravenous Feeding<br>OR<br>जनसाधारण के दो समूहों के बीच संबंधों और संपर्कों के बंध स्थापित करना जनसंपर्क कहलाता है।<br>आर्थर डब्ल्यू. पेज के अनुसार 'जनसंपर्क जन अनुमोदन प्राप्त करने का आधारभूत तरीका है कि इसके योग्य बनो'।<br>Establishment of relation and bonds between two groups of people is known as public communication.<br>According to Arthur W., 'Public relations is the basic way to gain public approval, to be worthy of it'. | 1 +1<br><br>2 |
| | **खंड -ग ( Section C)**<br>**लघु उतरात्मक प्रश्न**<br>**Short Answer Type Questions** | |
| 22. | खाद्य मिलावट एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा खाद्य पदार्थ के गुण पोषकता अथवा प्रकृति में परिवर्तन आ जाता है। खाद्य पदार्थ में यह परिवर्तन किसी दूसरे मिलते-जुलते पदार्थ मिलाने अथवा खाद्य पदार्थ में से कोई आवश्यक तत्व निकालने के कारण आता है। उदाहरण के लिए दूध में से मलाई व क्रीम निकालना तथा पानी मिलाना दोनों ही मिलावट है।<br>**Food adulteration** is a process by which the nutritional properties or nature of a substance is altered. This change in food occurs due to the addition of any other similar substance or the removal of any essential element from the food. For | 2+1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | example, extracting cream from milk and adding water, both food adulteration is a process by which the quality, nutrition or nature of the food gets changed. | |
| 23. | ● रोगी को पोषण संबंधी सलाह देना<br>● नैदानिक पोषण चिकित्सक संपूर्ण स्वास्थ्य सुधार एवं अच्छी पोषण स्थिति बनाए रखने में मदद करते हैं<br>● भोजन एलर्जी, टाइफाइड रोग, ऑस्टियोपोरोसिस, हृदय जलन, मिर्गी, मोटापा, कैंसर, एड्स, किडनी और लीवर संबंधित गड़बड़ियों की स्थिति में आहार विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएं ली जाती हैं।<br>● सर्जरी से पहले और बाद में विशेष पोषण और पूरक आहार के लिए आहार विशेषज्ञ की सेवाओं की आवश्यकता होती है।<br>**Role of Dietician in Diet Therapy-:**<br>● Providing nutritional advice to patients<br>● Clinical nutritionists help improve overall health and maintain good nutritional status<br>● The services of a dietitian doctor are taken in case of food allergy, Typhoid disease, Osteoporosis, Heartburn, Epilepsy, Obesity, Cancer, AIDS, Kidney and Liver related disorders.<br>● The services of a dietitian are required for special nutrition and supplements before and after surgery. | 1×3 |
| 24. | राष्ट्रीय सेवा योजना<br>भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के केंद्रीय क्षेत्र की योजना है यह भारत के 10+2 बोर्ड स्तर पर स्कूलों की कक्षा 11वीं में 12वीं के युवा छात्रों, तकनीकी संस्थानों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय स्तर के स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत आमतौर पर निम्नलिखित कार्य किया जाते हैं-<br>● सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य।<br>● गांव में तालाबों का निर्माण।<br>● परिवार कल्याण संबंधी कार्यक्रम<br>● सामूहिक टीकाकरण कार्यक्रम<br>भारत स्काउट एंड गाइड-<br>स्काउट एंड गाइड नवयुवकों के लिए एक स्वयंसेवी, गैर सरकारी शैक्षिक आंदोलन है।<br>उद्देश्य-:<br>● लड़के और लड़कियों में निष्ठा, देशभक्ति और दूसरों के प्रति विचारशील होने की भावना को बढ़ावा देना<br>● उनके चरित्र को विकसित करना है।<br>● यह संतुलित शारीरिक और मानसिक विकास को भी बढ़ावा देता है<br>● समाज सेवा की भावना विकसित करता है<br>● **National service Scheme**<br>It is a Central Sector Scheme of the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India, run by the Government of India, for young students of class 11th, 12th in schools at 10+2 board level, technical institutes, colleges and university level young students. Provides an opportunity to participate in the ongoing programs. Generally the following works are done under this scheme- | 1½ + 1½ |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | ● Construction and repair work of roads.<br>● Construction of ponds in the village.<br>● Family welfare programs<br>● Mass vaccination program<br><br>● **Bharat Scouts and Guides-**<br>Scouts and Guides is a voluntary, non-governmental educational movement for youth.<br>**Objectives-:**<br><br>● To foster among boys and girls a sense of loyalty, patriotism and consideration for others<br>● Their character has to be developed.<br>● It also promotes balanced physical and mental development<br>● Develops a sense of social service. | |
| 25. | **पूरक रंग योजना** में उन दो रंगों का उपयोग किया जाता है, जो रंग चक्र में एक दूसरे के ठीक सामने होते हैं। इसे विपरीत रंग योजना भी कहते हैं। यह रंग योजना देखने में काफी आकर्षक और नवीन प्रतीत होती है। जैसे कि लाल और हरा, पीला और बैंगनी इत्यादि।<br>A complementary color scheme uses two colors that are right next to each other on the color wheel. This is also called a contrasting color scheme. This color scheme looks quite attractive and innovative. Such as red and green, yellow and purple etc. | 2+1 |
| 26. | सूचना एंव संचार प्रौद्योगिकी विकास की भावी वाहिका है, क्योंकि यह आज के आधुनिक युग में विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है-:<br>1. आज विश्व के सभी देशों में चाहे वह निर्धन हो या धनवान, विकसित हो या विकासशील या अल्प विकसित सभी में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा ही वहां की जनता को सूचना एवं जानकारी प्रदान की जाती हैं।<br>2. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग ने आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में बहुत से महत्वपूर्ण परिवर्तन ला दिए हैं।<br>3. आज पूरे विश्व में मोबाइल फोन के बढ़ते प्रयोग ने बाजार तथा जन सुविधाओं एंव सेवाओं तक आम आदमी की पहुंच को बहुत ही सुविधाजनक बना दिया है।<br>**Information and Communication Technology (ICT)-** is the future vehicle of development, because it is very important for development in today's Modern era:<br><br>1. Today, in all the countries of the world, whether poor or rich, developed or developing or under-developed, information and knowledge is provided to the people through the use of information and communication technology.<br>2. The use of information and communication technology has brought about many important changes in the economic, social and political fields.<br>3. Today, the increasing use of mobile phones all over the world has made the common man's | 1+1+1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | access to markets and public facilities and services very convenient.<br>OR<br>निगमित संप्रेषण स्थानीय और वैश्विक स्तर पर कर्मचारीयों, उपभोक्ताओं, नियोजकों तथा अन्य व्यक्तियों के साथ संप्रेषण का प्रभावी मार्ग है।<br>निगमित संप्रेषण के कार्य-:<br>● यह कर्मचारी साझेदारों तथा ग्राहकों में जानकारी का प्रसार करता है।<br>● यह ब्रांड की संरचना व रखरखाव करता है।<br>● यह कंपनी के ब्रांड को संगठन के अंदर और बाहर दर्शाता है।<br>● साझेदारों के साथ मधुर और अच्छे संबंध बनाए रखने में मदद<br>● रखने में मदद करता है।<br>**Corporate communication** is an effective way to communicate with employees, customers, employers and other people locally and globally.<br>**Functions of corporate communication:-**<br>● This employee disseminates information to partners and customers.<br>● It creates and maintains the brand.<br>● It represents the company brand inside and outside the organization.<br>● Helps in maintaining cordial and good relations with partners. | 1 + 2 |
| 27. | अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत में फ्रांस का प्रभुत्व 18वीं शताब्दी की शुरुआत में प्रारंभ हुआ। इस समय फ्रांस के बहुत से शहर शाही अदालत को रेशमी वस्त्र, रिबन और लेस भेज रहे थे। शाही परिवार से भरपूर समर्थन मिलने और वहां रेशम उद्योग के विकसित होने के कारण फ्रांस फैशन का केंद्र बन गया। औद्योगिक क्रांति और सिलाई मशीन के आविष्कार के बाद मध्यम वर्ग का जन्म हुआ जिनके पास अच्छे कपड़े को खरीदने के लिए पर्याप्त धन था। फ्रांस में ही डेनिम्स की पेंट्स, स्कर्ट ब्लाउज और फैक्ट्री निर्मित कपड़ों का प्रचलन शुरू हुआ। इसलिए फ्रांस को 'फैशन का केंद्र' कहा जाता है।<br>France's dominance of the international fashion world began in the early 18th century. At this time many cities in France were sending silk textiles, ribbons and lace to the royal court. France became the center of fashion due to the full support from the royal family and the development of the silk industry there. After the Industrial Revolution and the invention of the sewing machine, the middle class was born who had enough money to buy good clothes. The trend of denim pants, skirt blouses and factory-made clothes started in France itself. That is why France is called the 'center of fashion'.<br>OR<br>गृह व्यवस्था विभाग के कार्य<br>● सार्वजनिक क्षेत्र तथा अतिथियों के कमरों के साथ सफाई करना।<br>● होटल के गार्डन आदि का रख रखाव व सफाई करना।<br>● होटल के विभिन्न स्थानों जैसे लॉबी, कमरों, कार्यालय आदि की सजावट की व्यवस्था करना।<br>● नियंत्रण डेस्क के माध्यम से मुख्य कार्यालय रेस्टोरेंट लेखा आदि विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित करना।<br>**Functions of Hotel Housekeeping Department**<br>● Cleaning public areas and guest rooms.<br>● Maintenance and cleaning of the hotel garden etc. | 3<br><br>1x3 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | ● To arrange decoration of various places of the hotel like lobby, rooms, office etc.<br>● To establish coordination among various departments like head office, restaurant, accounts etc. through the control desk | |
| | **खंड घ - ( Section D)**<br>**Long answer type questions** | |
| 28. | उपभोक्ता अधिकार वे अधिकार होते हैं जिनकी रचना यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि सभी उपभोक्ताओं को उचित एवं गुणवत्ता पूर्वक वस्तु और सेवाएं उचित कीमतों पर प्राप्त हो सके।<br>● सूचना का अधिकार<br>● चयन का अधिकार<br>● सुरक्षा संबंधी अधिकार<br>● सुनवाई का अधिकार<br>● क्षतिपूर्ति का अधिकार<br>● शिक्षा संबंधी अधिकार<br>**Consumer Rights** are rights designed to ensure that all consumers receive fair and quality goods and services at reasonable prices.<br><br>● Right to Information<br>● Right to choose<br>● Security rights<br>● Right to be heard<br>● Right to compensation<br>● Right to education<br>OR<br>किसी इच्छित वस्तु को बनाने के लिए योजना अनुसार व्यवस्था करने को डिजाइन कहते हैं।<br>डिजाइन के पांच तत्व है-:<br>● रंग<br>● बनावट<br>● रेखा<br>● आकार या रूप<br>● पैटर्न<br>Making arrangements according to a plan to make a desired object is called design.<br>There are five elements of design:<br>● Colour<br>● Texture<br>● Line<br>● Shape or form<br>● Pattern | 1X 5<br><br>1×5 |
| 29. | वस्त्रों की देखरेख और रखरखाव के दो पहलू हैं-:<br>● कपड़ों को किसी भी प्रकार की भौतिक क्षति से मुक्त रखना और यदि उसका प्रयोग करते समय कोई श क्षति हुई है तो उसमें सुधार करना।<br>● कपड़े से धूल -धब्बे तथा गंदगी को हटाने के लिए विभिन्न विधियों और प्रक्रियाओं के बाद भी कपड़े के रंग रूप और चमक को बनाए रखना एंव उसकी बनावट और विशेषताओं को बनाए रखना। | 5 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | वस्त्रों की देखरेख एवं रखरखाव के लिए प्रयोग में आने वाले विभिन्न उपकरण-:<br>● धुलाई के उपकरण<br>● सूखाने के उपकरण<br>● प्रेस करने के उपकरण<br>Care and maintenance of clothes has the following two aspects -<br>1. Keeping clothes free from any kind of physical damage and repairing any damage caused while using them.<br>2. Retaining the look and shine of the fabric and maintaining its texture and characteristics even after various methods and processes to remove dust, stains and dirt from the fabric.<br>Various equipment used for care and maintenance of clothes:<br>● washing equipment<br>● drying equipment<br>● pressing equipment<br>OR<br>खाद्य पदार्थों को नष्ट होने से बचने के लिए विभिन्न विधियां का प्रयोग पुराने समय से चला रहा है फिर चाहे वह कटी फसल हो या कटा पशु। आमतौर पर खाद्य संरक्षण के लिए जो विधियाँ अपनाई जाती है वह निम्नलिखित है-:<br>● धूप में सुखाना अथवा निर्जलीकरण<br>● हिमीकरण<br>● प्रशीतन व शीत भंडार<br>● घरेलू परिरक्षकों द्वारा<br>● रासायनिक परिरक्षकों द्वारा<br>**धूप में सुखाना अथवा निर्जलीकरण** -<br>भोज्य पदार्थ में उपस्थित नमी को सुखाकर भोजन को संरक्षित करना निर्जलीकरण कहलाता है।<br>**निर्जलीकरण के लाभ** -<br>1. खाद्य पदार्थों को संरक्षित करने की यह बहुत पुरानी विधि है। इससे खाद्य पदार्थों को काफी समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है।<br>2. इससे पौष्टिक तत्व भी कम मात्रा में नष्ट होते हैं।<br>3. इस विधि के लिए किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं पड़ती।<br>**निर्जलीकरण की हानियां**-<br>1. अगर मौसम खराब हो तो यह विधि कारगर साबित नहीं होती।<br>2. कुछ पौष्टिक तत्व धूप के प्रभाव से नष्ट हो जाते हैं।<br>3. खाद्य पदार्थ पहले जैसी अवस्था में नहीं रहते।<br>4. इस विधि में काफी समय लगता है।<br>Various methods have been used since ancient times to protect food items from spoilage, whether it is harvested crops or slaughtered animals. The methods generally adopted for food preservation are as follows:<br>● Sun drying or dehydration<br>● Freezing<br>● Refrigeration and cold storage<br>● By household preservatives<br>● By chemical preservatives | 2+3 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | **Sun drying or dehydration -**<br><br>Preserving food by drying the moisture present in food is called dehydration.<br><br>**Advantages of Dehydration -**<br><br>● This is a very old method of preserving food items, with the help of which food items can be kept safe for a long time.<br>● In this method, nutrients are destroyed in very small quantities.<br>● This method does not require any particular training.<br><br>**Disadvantages of Dehydration-**<br>● If the weather is bad then this method does not prove to be effective.<br>● Some nutritious elements get destroyed due to the effect of sunlight.<br>● Food items do not remain in the same condition | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| 30 | A. खाद्य संकट किसी पदार्थ के विभिन्न परिस्थितियों में किसी प्रकार की क्षति अथवा संकट उत्पन्न करने की क्षमता को उस पदार्थ का विषैलापन अर्थात खाद्य संकट कहते हैं।<br>खाद्य संकट तीन प्रकार का होता है<br>● रासायनिक संकट<br>● भौतिक संकट<br>● जैविक संकट<br>**Food Hazards:** The ability of a substance to cause any kind of damage or hazard under different circumstances is called toxicity of that substance i.e. Food Hazard.<br><br>There are three types of food Hazards-:<br>● Chemical Hazard<br>● Physical Hazard<br>● Biological Hazard<br><br>**B.** संकट विश्लेषणात्मक महत्वपूर्ण नियंत्रित बिंदु **-:**<br>HACCP खाद्य निर्माण और भंडारण के लिए एक उपागम है जिसमें किसी खाद्य उत्पाद के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली कच्ची सामग्री तथा निर्माण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर विस्तार से ध्यान दिया जाता है ताकि रोगजनक सूक्ष्मजीवों तथा अन्य खाद्य संकटों के विकास में, सामग्री तथा प्रक्रिया के योगदान की क्षमता का आकलन किया जा सके।<br>**Hazard Analysis Critical Control Point**<br>HACCP is an approach to food manufacturing and storage in which detailed attention is paid to the raw materials used in the manufacture of a food product and each step of the manufacturing process to reduce the growth of pathogenic microorganisms and other food hazards. The ability to contribute can be assessed.<br><br>आयोडीन की कमी से होने वाले विकार को आयोडीन हीनता विकार कहा जाता है ।आयोडीन हमारे शरीर में बहुत कम मात्रा में पाया जाने वाला खनिज तत्व है, परंतु यह सामान्य शारीरिक मानसिक विकास तथा वृद्धि के लिए अनिवार्य है। यह थायराइड ग्रंथि के सुचारू रूप से काम करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।<br>C. आयोडीन की कमी से होने वाली हानियां -:<br>● आयोडीन की कमी से गोइटर अर्थात घेंघा रोग हो जाता है जिससे थायराइड ग्रंथि सूज जाती है।<br>● बच्चों की वृद्धि रुक जाती है बच्चों की वृद्धि व शारीरिक विकास रुक जाता है। होंठ मोटे हो जाते हैं। जीभ बड़ी हो जाती हैं।<br>● व्यस्त व्यक्ति में इसकी कमी से हाथ पांव में सूजन आ जाती है, मिक्सोडिमा रोग हो जाता है, व रोगी सुस्त हो जाता है।<br>**IDD -:**The disorder caused by iodine deficiency is called iodine deficiency disorder. Iodine is a mineral found in very small quantities in our body, but it is essential for normal physical, mental development and growth. It is extremely essential for the smooth functioning of the thyroid gland.<br>**Disadvantages of iodine deficiency:**<br><br>1. Deficiency of iodine causes goiter, which causes the thyroid gland to swell.<br>1. The growth and physical development of children stops. | 2½+2½<br>(Any two) |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Lips become thick. Tongues become bigger.<br>2. Its deficiency in an adult person causes swelling in hands and feet, myxedema and the patient becomes<br><br>D. ऐसा आहार जो रोगी की चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से समायोजित किया जाता है, संशोधित आहार कहलाता है।<br>A diet that is specifically adjusted to meet the medical needs of the patient is called a **Modified Diet.**<br><br>E. रेड रिबन एक्सप्रेस भारतीय रेलवे द्वारा एड्स एच.आई.वी. जागरूकता अभियान का प्रचारित प्रसारित करने वाली एक ट्रेन है। रेड रिबन एक्सप्रेस एड्स के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए देशव्यापी अभियान था। विशेष रूप से डिजाइन की गई एक रेलगाड़ी 1 वर्ष में 9000 किलोमीटर से अधिक चली और इसने 180 जिले तय किए एवं 43200 गांव में विभिन्न कार्यक्रम एवं क्रियाकलाप का आयोजन किया।<br>Red Ribbon Express AIDS/HIV by Indian Railways is a train promoting the awareness campaign. The Red Ribbon Express was a nationwide campaign to create awareness about AIDS. A specially designed train ran more than 9000 kilometers in a year and covered 180 districts and organized various programs and activities in 43200 villages. | |

Download from www.MsEducationTv.com

Download from www.MsEducationTv.com

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 30. | | 03+02<br><br>½ X 10 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

Download from www.MsEducationTv.com